संक्षिप्त

निःसंतानता परामर्श शिविर सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के जीवन ज्योति हॉस्पीटल में सनफ्लावर हॉस्पीटल,अहमदाबाद द्वारा नि:शुल्क नि:संतानता परामर्श शिविर का सफल आयोजन हुआ। शिविर में कुल 24 महिलाओं को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। सनफ्लावर के प्रवक्ता ने बताया कि अस्पताल की 5 शाखाएं अहमदाबाद, गांधी नगर, नरोडा, व सूरत में कार्यरत हैविश्व स्तरीय पुरुष व महिला बंधत्व निवारण तकनीक एवं अस्पताल आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक विटनेस सिस्टम से लैस है।जो कि भ्रूण की अदला बदली नहीं होने देता है, शून्य शुक्राणु,अंडों का कम या न बनना, बार बार आई वी एफ ट्रीटमेंट फैल या गर्भपात होना जैसी समस्याओं के निवारण के लिए अग्रणीय है। नि:शुल्क आईवीएफ चिकित्सा कैंप में जीवन ज्योति हॉस्पीटल में कार्यरत गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ.दिया गुप्ता ने सनफ्लावर की एक्सपर्ट टीम के साथ मिलकर नि:संतानता के इलाज के लिए आए हुए सभी मरीजों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया। डॉ. गुप्ता द्वारा मरीज से पूरी जानकारी हासिल करके इलाज के लिए उपयुक्त जानकारियां भी प्रदान की गई। ज्ञात रहे कि जीवन ज्योति हॉस्पीटल के प्रवक्ता ने बताया कि 11 सितम्बर रविवार को कृष्णा मेडिकल स्टोर ग्राम पंचायत थाना में प्रात:10 से दोपहर 12 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है।

विद्यार्थियों से संवाद किया

बांसवाड़ा, (निसं)। सही खानपान, स्वस्थ राजस्थान अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम ने विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बच्चों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की प्रारंभिक जांच, पौष्टिक खानपान और स्वच्छता संबंधी आदतों के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भरतराम मीणा ने बताया कि अभियान के तहत विद्यार्थियों को स्वस्थ टिफिन, पौष्टिक नाश्ता, श्री अन्न एवं मोटे अनाज के फायदे बताए। साथ ही भोजन से पहले और बाद में हाथ धोने के सही तरीके तथा खाद्य पदार्थों की स्वच्छता और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया। टीम ने विद्यार्थियों को पैकेटबंद खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसके लेबल को ध्यान से पढने की जानकारी दी।

वर्षा वर्मा को पीएचडी की उपाधि

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विवि ने सोशल साईंस संकाय में वर्षा वर्मा को ग्रामीण महिलाओ का मतदान व्यवहार उदयपुर जिले के मावली पंचायत समिति के विशेष संदर्भ में(2015-2020) शोध कार्य करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. वर्षा वर्मा ने शोध कार्य सहायक आचार्य डॉ. प्रतिभा शर्मा के निर्देशन में किया।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

डूंगरपुर। एसबीपी राजकीय महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 5 अक्टूबर 2026 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.गणेशलाल निनामा ने की।

प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण केवल शारीरिक सुरक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस,अनुशासन एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं से प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा सीखी गई तकनीकों का सदुपयोग करने का आ ान किया। कालिका पेट्रोलिंग इकाई की हेड कांस्टेबल स्नेहलता द्वारा महिला प्रशिक्षक के रूप मे छात्राओं को विषम परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने, सतर्क रहने तथा आत्मविश्वास के साथ परिस्थितियों का सामना करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। महाविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई समिति के प्रभारी एवं सदस्यों और कार्यक्रम से जुडे अन्य संकाय सदस्यों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त, सजग और आत्मनिर्भर बनाना है।

पेंटिंग के माध्यम से वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

बांसवाड़ा, (निसं)। वन विभाग के तत्वावधान में वन्यजीव सप्ताह के तहत श्यामपुरा वानिकी उद्यान में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में शहर के राजकीय तथा निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। डीएफओ शैतान सिंह देवडा ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वन्यजीवों, पक्षियों, नेचर तथा वन्यजीव सुरक्षा विषय पर आधारित पेंटिंग बनाकर कल्पनाओं के रंग भरे। पेंटिंग के साथ प्रतियोगियों ने वन्यजीव तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

वागड पर्यावरण संस्थान के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सेंट मैथ्यूज स्कूल के याग्निक शर्मा व रिया कुमावत क्रमश: प्रथम व द्वितीय रही वहीं राजकीय नूतन उमावि के हैंडसम सोनी व भारतीय विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की साक्षी मोची तृतीय रही।

सांत्वना पुरस्कार लियो इंटरनेशनल स्कूल के कनिष्क पंड्या व ब्रिलिएंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के धीर चौहान को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में अंकुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की आरवी वैष्णव प्रथम, लियो इंटरनेशनल स्कूल की परी द्वितीय, मॉडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नोफिल नायक व सेंट मैथ्यूज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के भाग्य मेहता तृतीय रहे। सांत्वना पुरस्कार लियो इंटरनेशनल स्कूल के मोहम्मद अली बाग व अंकुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ईशा श्रीमाल को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका शिव शंकर वैष्णव, अमित सोनी व हिमालय जोशी ने निभाई।

विजेताओं को 8 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रवीण अहारी व अलका शाह, वागड पर्यावरण संस्थान के यश सराफ व कपिल पुरोहित, वनपाल पुष्पेंद्र कटारा, सुरेंद्र कटारा, रमेश मईडा, बसंती डामोर, सहायक वनपाल सुधा मेहता, दीपा राठौड खालिद मोहम्मद, वनरक्षक गीता पाटीदार, उर्वशी राव, अजय मईडा, कामिनी पंचाल, स्मिता सोलंकी ने सहयोग प्रदान किया।



बांसवाड़ा में वन्यजीव सप्ताह के तहत श्यामपुरा वानिकी उद्यान में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेते विद्यार्थी।

परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों को मिलेगा पढ़ाई जारी रखने का अवसर

बांसवाड़ा, (निसं)। परीक्षा छूट जाना किसी विद्यार्थी के लिए केवल एक परीक्षा से वंचित होना नहीं होता। इसके साथ अगला सेमेस्टर, अगली कक्षा और पूरी शैक्षिणक यात्रा प्रभावित होने की चिंता भी जुड जाती है। कई बार एक परीक्षा के कारण विद्यार्थी को पूरे एक वर्ष का इंतजार करना पड सकता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से विशेष परीक्षा का आयोजन राहत की खबर लेकर आया है।

विश्वविद्यालय की ओर से एनईपी व्यवस्था के अंतर्गत पांचवे एवं छट्ठे सेमेस्टर के पात्र विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा की संभावित तिथि 14 एवं 15 अक्टूबर रखी गई है। विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विशेष परीक्षा के पीछे सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विद्यार्थियों की पढाई में अनावश्यक अंतराल को रोकना है। यदि किसी विद्यार्थी की परीक्षा किसी कारणवश छूट जाती है और उसे अगले अवसर के लिए लंबा इंतजार करना पडता है तो इसका सीधा असर उसकी आगे की पढाई पर पडता है। कई विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति एक वर्ष के शैक्षिणक अंतराल का कारण बन सकती है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने पात्र विद्यार्थियों को विशेष परीक्षा का अवसर देने की पहल की है इससे विद्यार्थियों को अपनी शेष परीक्षा पूरी करने और आगे की पढाई में निरंतरता बनाए रखने में सुविधा होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव ने बताया कि विशेष परीक्षा विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक वर्ष के शैक्षिणक अंतराल से बचाना और उनकी पढाई में निरंतरता बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से वंचित रहने वाले पात्र विद्यार्थियों को विशेष परीक्षा के माध्यम से अपनी शैक्षिणक प्रक्रिया आगे बढ्राने में सुविधा मिलेगी। प्रो. वैष्णव ने बताया कि विद्यार्थी की शैक्षिणक यात्रा में निरंतरता बेहद महत्वपूर्ण है एक परीक्षा के कारण यदि विद्यार्थी को लंबे समय तक रुकना पडे तो उसका असर उसकी आगे की पढाई पर पड सकता है। विशेष परीक्षा से ऐसे विद्यार्थियों को आगे बढने का अवसर मिलेगा। नई शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की शैक्षिणक प्रगति को अधिक लचीला और अवसर आधारित बनाने पर जोर दिया गया है।

भाजपा की पंचायतीराज चुनाव 2026 को लेकर तैयारियां तेज

- 14 पंचायत समिति और 37 जिला परिषद वार्डो के प्रभारी-संयोजकों की बैठक
- 7 अक्टूबर तक तीन-तीन नामों का पैनल भेजने के निर्देश

डूंगरपुर, (निसं)। पंचायतीराज चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को भाजपा के नवीन जिला कार्यालय में 14 पंचायत समितियों के प्रभारी एवं संयोजकों तथा 37 जिला परिषद वार्डो के प्रभारी एवं संयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी पंचायतीराज चुनाव को लेकर संगठन की कार्ययोजना, प्रत्याशी चयन, बूथ प्रबंधन और चुनावी तैयारियों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से मंथन किया गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुणवंत कलाल ने बताया कि बैठक में जिले में जिला प्रमुख के साथ सभी पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान बनाने के लक्ष्य को लेकर संगठनात्मक स्तर पर तैयारियों को गति देने पर चर्चा हुई। प्रभारी एवं संयोजकों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर कार्य करने तथा संगठन की ओर से निर्धारित कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

7 अक्टूबर तक तीन-तीन नामों का पैनल भेजने के निर्देश:-बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्देश जिला परिषद एवं पंचायत समिति वार्डो के संभावित प्रत्याशियों को लेकर दिए गए।

सभी प्रभारी एवं संयोजकों को 7 अक्टूबर तक प्रत्येक वार्ड से चुनाव लडने के इच्छुक तीन-तीन नामों का पैनल तैयार कर अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए गए। प्रत्याशी चयन में पार्टी के प्रति निष्ठाए क्षेत्र में सक्रियता, संगठन के साथ जुडाव और स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखने पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि प्रत्याशी ऐसा हो जो चुनावी परिस्थितियों में संगठन के साथ मजबूती से खडा रहे और लंबे समय तक पार्टी के लिए कार्य करता रहे। साथ ही प्रभारी एवं संयोजकों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि व्यक्तिगत अथवा पारिवारिक हितों से ऊपर संगठन हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें।

बूथ संरचना मजबूत करने पर जोर:-बैठक में जिला परिषद वार्ड स्तर पर चुनाव कार्यालय स्थापित करने और चुनाव प्रबंधन समितियों के गठन को लेकर भी चर्चा की गई। प्रभारी एवं संयोजकों को स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव से संबंधित जिम्मेदारियां समय पर तय करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि चुनावी तैयारियों में संगठनात्मक अनुशासन और वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी एवं संयोजकों को अपने दायित्व का बोध कराते हुए कहा गया कि उन्हें नियमित रूप से क्षेत्र में संपर्क बैठक और संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखना होगा।

जागरूकता शिविर में विधिक सहायता की जानकारी दी

बांसवाड़ा, (निसं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी मनीष पटेल ने नागरिकों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पात्र व्यक्तियों को आवश्यकता पडने पर नि:शुल्क अधिवक्ता, विधिक सलाह एवं न्यायिक प्रक्रिया में सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान नागरिकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित लोक अदालत, मध्यस्थता एवं अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान माध्यमों की जानकारी भी दी गई। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह, बाल श्रम तथा बच्चों के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों के प्रति भी जागरूक भी किया गया। शिविर में नि:शुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरतमंद व्यक्ति अपनी विधिक समस्या के संबंध में सहायता एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

सार-समाचार

राणा पूंजा जयंती पर निकली शोभायात्रा

कपासन, (निसं)। वीर योद्धा राणा पूंजा की जयंती पर सोमवार को कपासन में भील समाज ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। ये यात्रा कृषि उपज मंडी से शुरू हुई, जिसमें राणा पूंजा की झांकी मुख्य आकर्षण रही। समाज के लोग नाचते-गाते और जयकारे लगाते शामिल हुए।पुराना उदयपुर रोड पर नगर पालिका अध्यक्ष सरोज बारेगामा और उपाध्यक्ष नीतू ईनाणी ने राणा पूंजा के चित्र पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जगदीश जाट,सुरज लोहार, रतन भील, सम्पत लोहार, सहित आदि मौजूद थे। वापस शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौराहा पहुंची, जहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण हुआ। इस अवसर पर पार्षद लोकेश राव सरस्वती बारेगामा व लाला प्रसाद पुरबिया सहित आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा वहां से रवाना हुई जो पांच बत्ती चोराहा,लोडकिया चोक व कुम्हार मोहल्ला बस स्टैंड पुलिस थाना सावालिया चोराहा रेलवे स्टेशन मार्ग होते हुए माडल स्कूल के पास राणा पुजा खेल मैदान पहुंची। जहां प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावतए ने किया ओर शनि महाराज ठ्ठामीण मंडल अध्यक्ष रतन नाथ योगी सहित राणा पुजा के पदाधिकारियों सहित आदि थेइस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने राणा पुजा भील के वीरता ,साहस त्याग एव मेवाड के इतिहास में उनके योगदान को याद करते हुए समाज के युवाओ को उनके आदर्शों को अपनाने का आ ान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं प्रतिभावान उच्चंछात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही राणा पुजा भील समाज की ओर निवर्तमान प्रधान हेमेंद्र सिंह भोपाल सागर, ओर पत्रकार प्रमेन्द्र सिंह राजपूत , सहित आदि को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में राणा पुंजा वरिष्ठ कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष कालू राम राणा, उपाध्यक्ष माधु लाल, जिला सचिव भेरूलाल कल्याणपुरा, नगर अध्यक्ष रतन लाल, कोषाध्यक्ष चतुर्भुज, तहसील अध्यक्ष राम लाल, मेवा लाल, पृथु सचिव नारायण लाल, किशोर, हजारी, रामलाल, सीताराम, राजस्थान भील विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष भेरूलाल लाल, भोपाल सागर के पूर्व सरपंच, पियरचंद भील ओर पन्नालाल भील सहित आदि मौजूद रहे।

'व्यापारी किसी भी शहर की रीढ़ की हड्डी, विकास में उनकी भागीदारी जरूरी'

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के विजया राजे सिंधिया ऑडिटोरियम में चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से नगर परिषद डूंगरपुर और नगरपालिका सागवाड़ा के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों निकायों के नए बोर्ड का साफा पहनाकर, माल्यार्पण और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विकास में व्यापारिक वर्ग की भूमिका और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास को नई दिशा देने पर मंथन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान के प्रदेश ब्रांड एम्बेसडर एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े के.के. गुप्ता रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल ने की। चेंबर पदाधिकारियों ने डूंगरपुर नगर परिषद सभापति सुशीला गुप्ता, उपसभापति अनिल पटेल, सागवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष आशा पाटीदार सहित पार्षदों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि के.के. गुप्ता ने कहा कि व्यापारी किसी भी शहर की रीढ़ की हड्डी होता है। व्यापारिक गतिविधियां केवल बाजार तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि रोजगार, राजस्व और शहर की आर्थिक गतिविधियों को गति देती हैं। ऐसे में शहर के विकास में व्यापारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स पिछले 16 वर्षों से व्यापारियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रहा है। व्यापारियों की समस्याओं को उठाने के साथ ही शहर के विकास और सामाजिक सरोकारों में भी चेंबर अपनी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में निकायों और व्यापारिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय से शहरों के विकास को और गति दी जा सकती है। गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश और देश स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अब चुनौती इस पहचान को बनाए रखने के साथ इसे और मजबूत करने की है। इसके लिए केवल नगर परिषद या प्रशासन की जिम्मेदारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी।

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

डूंगरपुर, निसं)। आसपुर ब्लॉक अन्तर्गत पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनकोडा में कौशल विकास संस्थान के तत्वावधान में तीन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 33 विद्यालयो से 26 छात्र व 30 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत प्रथम आंशुभाषण, द्वितीय नाटक व तृतीय पैनल चर्चा का आयोजन रखा गया। प्रतियोगिता मे उत्तम प्रदर्शन के आधार पर ब्लॉक स्तर पर एक बालक व एक बालिका का चयन भी किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शैलेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता, जब कि निर्णायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपालसिंह पंवार के मुख्य आतिथ्य तथा पीटीए अध्यक्ष लाखनसिंह चौहान विशिष्ठ अतिथि थे। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के तहत छात्र दिव्यांश रेबारी व छात्रा सुश्री बिन्दु पाटीदार पीएमश्री बनकोडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह छात्र कृष्णा पाटीदार राउमावि सकानी व छात्रा मितवा प्रजापत राउमावि बडलिया ने द्वितीय स्थान तथा छात्र युवराज मीणा राउमावि धनेला व छात्रा ममता भोई बाराउवि बनकोडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर निर्णायक समिति का गठन भी किया गया।

दशहरा पर रावण दहन की परंपरा शुरू कराने व सीसीटीवी कैमरे चालू कराने की मांग

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर नगर पालिका की सत्ता बदलते ही शहर की राजनीति का रंग भी बदल गया है। पिछले भाजपा समर्थित बोर्ड में लंबे समय से बंद पडे कामों को शुरू करवाने की मांग लेकर अब भाजपा पार्षद कांठोस के नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष सुंदरलाल लिखमावत के पास पहुंचे। भाजपा पार्षदों ने 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर विभिन्न विकास कार्य शुरू करवाने की मांग की।

- भाजपा पार्षदों ने 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर विभिन्न विकास कार्य शुरू करवाने की मांग



भीण्डर नगर पालिकाध्यक्ष सुंदरलाल लिखमावत का ज्ञापन देते भाजपा पार्षद।

दिलचस्प बात यह है कि ज्ञापन में दशहरा पर रावण दहन की परंपरा शुरू करवाने और नगर में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे दोबारा चालू करवाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। यानी जिन मुद्दों पर भाजपा अब कांठोस बोर्ड से काम करवाने की उम्मीद जता रही है, उन्हीं मुद्दों पर उसके समर्थित बोर्ड के कार्यकाल को लेकर अब सवाल भी खड़े हो रहे हैं। भीण्डर में दशहरा पर रावण दहन की परंपरा वर्ष 2015 में जनता सेना बोर्ड के दौरान शुरू हुई थी। वर्ष 2019 में अंतिम बार नगर पालिका स्तर पर रावण दहन हुआ। इसके बाद 2020 में प्रशासक काल रहा और फरवरी 2021 में फिर जनता सेना का बोर्ड बना, जो बाद में भाजपा समर्थित बोर्ड के रूप में चला। लेकिन 2021 से लेकर बोर्ड के कार्यकाल के अंत तक रावण दहन की परंपरा दोबारा शुरू नहीं हो सकी। अब सत्ता से बाहर होने के बाद भाजपा पार्षदों ने इसी परंपरा को पुन: शुरू करवाने की मांग कांठोस बोर्ड के सामने रखी है। शहर में अब सवाल यह उठना स्वाभाविक है कि जब बोर्ड में जिम्मेदारी थी, तब रावण दहन क्यों नहीं हुआ और अब विपक्ष में आते ही इसकी चिंता क्यों सताने लगी?

इसी तरह भीण्डर शहर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए वर्ष 2017 में प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। वर्ष 2021 के बाद कैमरे बंद हो गए और उन्हें दोबारा शुरू करवाने को लेकर प्रभावी पहल नहीं हो सकी। अब भाजपा पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष को दिए ज्ञापन में बंद सीसीटीवी कैमरों को पुन: शुरू करवाने की मांग रखी है। राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है कि पांच साल तक बोर्ड का हिस्सा रहने के दौरान कैमरे चालू करवाने की जिम्मेदारी किसकी थी और अब वही मांग विपक्ष में बैठकर कांठोस बोर्ड के सामने क्यों रखी जा रही है? भाजपा पार्षदों ने ज्ञापन में विभिन्न विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम शुरू करवाने, हींता दरवाजा से रावलीपोल तक सड़क निर्माण, मठ की गली में पेयजल के लिए पनघट दुरुस्त करवाने, वार्ड 18 लंबीगली में नालियों का निर्माण, आमेटा कॉलोनी से गुजर रही 33 केवी लाइन हटाने, सहित कई मांगें रखीं। इसके अलावा गलियों में गतिअवरोधक लगाने, रास्तों पर खड़े रहने वाले हाथठेला व्यापारियों को हटाने, लावारिस पशुओं के लिए गोशाला की व्यवस्था करने, महाराणा प्रताप बस स्टैंड शुरू करने, बंद पड़े पनघट चालू करवाने, तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करवाने और नियमित साफ-सफाई की मांग भी की गई।

ज्ञापन से पहले कांठोस और भाजपा पार्षदों के बीच शिष्टाचार मुलाकात भी हुई। भाजपा पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष सुंदरलाल लिखमावत और उपाध्यक्ष शोयब बोहरा का मेवाड़ी पाग व उपरना पहनाकर अभिनंदन किया। कांग्रेस पार्षदों का भी उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

धरना-प्रदर्शन किया

राजसमंद, (निसं)। निजी विद्यालय संगठन राजसमंद की ओर से निजी विद्यालय संघर्ष समिति राजस्थान के आव्हान पर सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। सुबह 10 बजे शुरू हुए धरने में जिलेभर के निजी विद्यालय संचालकों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लेकर लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जवानसिंह देवडा एवं जिला संयोजक शिव प्रसाद सनाढ्य ने की। धरने के बाद प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि 8 अगस्त 2०26 को निजी विद्यालय संघर्ष समिति राजस्थान एवं सरकार के बीच हुई समझौता वार्ता में निजी विद्यालयों का आरटीई के तहत बकाया भुगतान अगस्त माह तक करने पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद कई विद्यालयों का भुगतान अब तक लंबित है। इससे निजी विद्यालय संचालकों में रोष व्याप्त है। पदाधिकारियों ने सरकार से समझौते में किए गए वादों को पूरा कर लंबित भुगतान का तत्काल निस्तारण करने की मांग की।

ज्ञापन में आरटीई का समस्त बकाया भुगतान तत्काल करने, प्री-प्राइमरी कक्षाओं का भुगतान जारी करने, 1000 रुपए पोर्टल शुल्क समाप्त करने, कक्षा 5 के निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों से संबंधित शुल्क समाप्त करने तथा मान्यता के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की गई। इसके साथ ही निजी विद्यालयों से जुडी अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई गई। संगठन ने सरकार को समस्याओं के समाधान के लिए 10 अक्टूबर 2026 तक का समय दिया है।

पंचायतीराज चुनाव-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक



पंचायतीराज चुनाव-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी बैठक लेते हुए।

राजसमंद, (निसं)। पंचायतीराज चुनाव-2026 को स्वतंत्र निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सोमवार को सुबह से शाम तक जिला परिषद सभागार में मैराथन बैठकें लेकर निर्वाचन से जुडी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी हसीजा ने प्रात: 11 बजे समस्त रिटर्निंग अधिकारियों आरओ एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एआरओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे विभिन्न प्रावधानोंए दायित्वों एवं प्रक्रियाओं को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे समस्त आरओ, एआरओ, पुलिस उप अधीक्षकों एवं थानाधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर निर्वाचन के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने सहित पुलिस एवं प्रशासन से जुडी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। शाम 4 बजे समस्त आरओ एवं निर्वाचन प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक लेकर विभिन्न प्रकोष्ठों को सौंपे गए दायित्वों की प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठकों में पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कस्वा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृज मोहन बैरवा, मंदिर मंडल नाथद्वारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी हसीजा ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील परिस्थितियों वाले क्षेत्रों की पहचान एवं वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्येक मतदाता को निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना सुनिश्चित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी आरओ, एआरओ एवं प्रकोष्ठ प्रभारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण गंभीरता से निर्वहन करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।